प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 10.08.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 10.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 10.08.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।**
- **महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, गुड टच-बैड टच एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।**

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 10.08.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना श्रीनगर एवं महोबकंठ की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले सार्वजनिक स्थलों में जाकर वहां मौजूद बच्चियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत जागरुक किया गया साथ ही गुड टच-बैड टच के बारे में भी जानकारी दी गई।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 10.08.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

ऐतिहासिक कजली मेला जुलूस– बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव का भव्य शुभारम्भ

महोबा की धरती पर आज इतिहास और परंपरा का अद्वितीय संगम देखने को मिला, जब भव्य कजली मेला जुलूस के साथ इस वर्ष के कजली महोत्सव का शुभारम्भ हुआ। नगर की गलियों में जब झांकियों का अलौकिक सौंदर्य, बैंड-बाजों की गूंज और नगाड़ों की धमक एक साथ गूंज उठी, तो पूरा माहौल अदम्य उत्साह और वीरता के रंग में रंग गया।

इस जुलूस में सजे-धजे हाथी, पराक्रम से लबरेज घोड़े और गरिमामयी ऊंट भी शामिल थे, जो वीर अल्हा-ऊदल की गौरवशाली गाथाओं को सजीव कर रहे थे और नगरवासियों में साहस व गर्व का संचार कर रहे थे।

नगरवासी, मानो वीर अल्हा-ऊदल के युग में लौट आए हों, जब नगाड़ों की ताल पर जनमानस एकजुट होकर उत्सव में समाहित हो जाता था। आकर्षक झांकियों ने जन-जन का मन मोह लिया, तो बैंड और नगाड़ों की गूंज ने वातावरण में अद्वितीय जोश भर दिया। महोबा ने आज फिर सिद्ध कर दिया कि उसकी संस्कृति, साहस और एकता की गाथा युगों-युगों तक जीवंत रहेगी।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा ऐतिहासिक कजली मेला जुलूस के दौरान स्वयं मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, साथ ही जुलूस को सुरक्षित परिवेश में सफलतापूर्वक सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु जुलूस के साथ तथा विभिन्न स्थलों एवं जुलूस मार्गों पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे सम्पूर्ण आयोजन शांति एवं गरिमा के साथ सम्पन्न हो सके।

इस भव्य अवसर पर एमएलसी श्री जितेन्द्र सिंह सेंगर, सदर विधायक श्री राकेश गोस्वामी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री सन्तोष चौरसिया सहित जिलाधिकारी महोबा श्रीमती गजल भारद्वाज तथा पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस एवं प्रशासनिक अधि. मौजूद रहे, साथ ही इस दौरान गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय नागरिकों ने भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज कर इस अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत को नई ऊर्जा प्रदान की।